झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

राष्ट्र निर्माण सेना

18 Aug 2025

Follow us on



**RN Sir**
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK
JSSC | DEFENCE - ARMY
CAPF | POLICE | Other Competitive Exam


Website : www.rnsacademy.in
Email : academyrns@gmail.com


Daily Current Affairs Booster


Contact : 8084818282, 9113365645


# Daily Current Affairs


Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 18 अगस्त से संबंधित करेंट अफेयर्स

- भारत को 38वें बोगोटा अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक मेले 2026 में मुख्य अतिथि देश के रूप में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है, जिससे कोलंबिया के साथ साहित्यिक और सांस्कृतिक संबंध मजबूत होंगे। 38वां बोगोटा अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक मेला 21 अप्रैल से 4 मई 2026 तक कोलंबिया के बोगोटा में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर कोलंबिया के सांस्कृतिक मंत्री FILBo के निदेशक कॉर्फेरियास के अध्यक्ष और कोलंबियाई पुस्तक चैंबर के अन्य शीर्ष अधिकारियों ने एक औपचारिक घोषणा की।
- बिहार के पुनौरा धाम में देवी सीता को समर्पित एक मंदिर का निर्माण किया जाएगा। भूमि पूजन ओर शिलान्यास समारोह बनारस और मिथिला के संतों, विद्वानों ओर पुरोहितों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। 883 करोड़ की अनुमानित लागत वाली इस मंदिर परियोजना का निर्माण बिहार सरकार द्वारा अधिग्रहित 50 एकड़ भूमि पर किया जाएगा। मंदिर का डिजाइन अयोध्या में भगवान राम मंदिर की वास्तुकला से प्रेरित होगा।
- आईसीएमआर ने छात्रों के लिए एक राष्ट्रीय आउटरीच अभियान आईसीएमआर शाइन पहल का अनावरण किया है। यह विशेष रूप से देश भर के कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों के लिए डिजाइन किया गया हैं। यह पहल विज्ञान के प्रति जुनून जगाने, रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करने और युवाओं को स्वास्थ्य अनुसंधान में करियर बनाने के लिए प्रेरित करने का प्रयास करती हैं। यह कार्यक्रम फरवरी 2025 में मन की बात के दौरान साझा किए गए प्रधानमंत्री के एक दिन एक वैज्ञानिक के रूप में दृष्टिकोण का समर्थन करता है।
- संयुक्त राष्ट्र में भारत के मतदान की प्रकृति में हाल के वर्षो में उल्लेखनीय परिवर्तन देखने को मिला है। विशेष रूप से 2025 में मतदान से ऐतिहासिक उच्च स्तर की दूरी तय की गई, जो भारत की विदेश नीति में एक नए चरण की शुरूआत को दर्शाता है। यह बदलाव एक ध्रुवीकृत वैश्विक व्यवस्था के प्रति भारत की प्रमुखता की प्रतिक्रिया है, जिसमें वह अपनी प्रतिष्ठित वैश्विक शक्ति के रूप में उभरने का प्रयास कर रही है।
- भारतीय स्टेट बैंक ने हाल ही में बताया था कि वह क्यूआईपी के जरिए 25000 करोड़ का कारोबार कर रहे हैं। बैंक के मुताबिक यह अब तक का सबसे बड़ा क्यूआईपी ईशू है जो भारतीय शेयर बाजार में दर्ज हुआ है। यह प्रस्ताव 4.5 गुना अधिक सब्सक्राइब हुआ, जो भारत के वितीय क्षेत्र और आर्थिक अर्थव्यवस्था में बेरोजगारी के मजबूत विश्वास को दर्शाता है।
- नीति आयोग के अटल नवाचार मिशन ने क्षेत्रीय भाषाओं में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल इंडिया भाषाई प्रभाग के साथ साझेदारी की हैं। इसका लक्ष्य भारत के उद्यमशीलता परिदृश्य में भाषाई समावेशिता को प्रोत्साहित करना हैं। इस हेतु आशय पत्र पर नई दिल्ली में हस्ताक्षर किए गए। इसे एआईएम मिशन निदेशक दीपक बागला और डीआईबीडी के सीईओ अमिताभ नाग ने औपचारिक रूप दिया। यह सहयोग एआईएम के राष्ट्रीय कार्यक्रमों में भाषा प्रौद्योगिकी को एकीकृत करेगा।
- संयुक्त राज्य अमेरिका ने 70 देशों पर 90 वर्षो में सबसे अधिक टैरिफ लगाए हैं। येल विश्वविद्यालय की गैर पक्षपाती बजट लैब के अनुसार इस टैरिफ वृद्धि से आयातित वस्तुओं की औसत लागत में 18.3% की वृद्धि होने की उम्मीद है, जिससे अमेरिकी उपभोक्ताओं पर बोझ पड़ेगा। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि इस कदम का उद्देश्य अमेरिकी उद्योगों के लिए अनूसूचित मानी जाने वाली वैश्विक व्यापार प्रथाओं को ठीक करना हैं। जापान, दक्षिण कोरिया और यूरोपीय संघ जैसे अमेरिकी सहयोगियों पर अब 15% का आधार आयात शुल्क लगेगा।
- आईटी कॉन्क्लेव 2025 में सोनोवाल द्वारा भारत के समुद्री शासन को बदलने के लिए डिजिटल पहल का अनावरण किया गया। इस कॉन्क्लेव का आयोजन शिपिंग महानिदेशालय ने कंपनी ऑफ मास्टर मेरिनर्स ऑफ इंडिया के सहयोग से किया था। शुरू की गई प्रमुख पहलों में जीआईजीडब्ल्यू 3.0 मानकों के अनुरुप एक संशोधित डीजी शिपिंग वेबसाइट का शुभारंभ ओर क्लाउड नेटिव ई समुद्र प्लेटफॉर्म का पहला चरण शामिल हैं। ई समुद्र प्लेटफॉर्म 60 से अधिक समुद्री सेवाओं जैसे पोत अनुमोदन, जहाज निर्माण सब्सिडी, डिजिटल परिवहन पंजीकरण ओर स्वचालित आगंतुक प्रबंधन को एकीकृत करेगा।
- भारत सरकार ने ग्लोबल कमर्शियल सैटेलाइट इमेजरी समर्थकों से बातचीत करने के उद्देश्य से बातचीत शुरू कर दी हैं। मई 2025 में चीन द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान द्वारा लाइव सैटेलाइट डेटा सैटेलाइट जाने की खुफिया रिपोर्ट जारी की गई थी।
- फिट इंडिया साइकल संडे पहल अब केवल एक फिटनेस कार्यक्रम नही है, बल्कि एक राष्ट्रीय जन आंदोलन बनल है, जिसका उद्देश्य शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के साथ साथ युवाओं में नशामुक्ति ओर सामाजिक विचारधारा जैसे समाज को भी बढ़ावा देना हैं।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. हाल ही में अखिल भारतीय अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन दिल्ली विधानसभा द्वारा कब किया जाएगा ?**

(A) 18-20 अगस्त (B) 20-22 अगस्त
(C) 22-24 अगस्त (D) 24-25 अगस्त

**(D)** अखिल भारतीय अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन दिल्ली विधानसभा द्वारा 24-25 अगस्त को किया जाएगा। यह कार्यक्रम केंद्रीय विधान सभा के प्रथम भारतीय अध्यक्ष के रूप में विट्ठलभाई पटेल के कार्यकाल की शताब्दी के उपलक्ष्य में आयोजित किया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह विधानसभा परिसर में इस कार्यक्रम का उद्धघाटन करेंगे।



**2. हाल ही में किस राज्य ने ब्रिटेन में अध्ययन के लिए अटल शेवलिंग छात्रवृति शुरू की है ?**

(A) उत्तर प्रदेश (B) मध्यप्रदेश
(C) ओडिशा (D) केरल


**(A)** यह पहल उत्तर प्रदेश के उत्कृष्ट छात्रों को यूनाइटेड किंगडम में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करेगी। हर साल राज्य के पांच शीर्ष छात्रों को एक प्रतिष्ठित ब्रिटिश विश्वविद्यालय में एक वर्षीय स्नातकोतर कार्यक्रम के लिए छात्रवृति प्रदान की जाएगी। यह योजना उत्तर प्रदेश सरकार और यूके के विदेश, राष्ट्रमंडल ओर विकास कार्यालय के बीच एक सहयोगात्मक प्रयास होगी।




**3. चीन ने हाल ही में चंद्र लैंडर का पहला परीक्षण किया जिसकी योजना किस वर्ष से पहले अपने पहले अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर भेजने की है ?**

(A) 2027 (B) 2028
(C) 2029 (D) 2030

**(D)** इस परीक्षण में हेबेई प्रांत में एक ऐसे स्थल पर लैंडर के आरोहण ओर अवरोहण प्रणालियों का सत्यापन शामिल था जिसे चंद्रमा की सतह की नकल करने के लिए डिजाइन किया गया था। परीक्षण स्थल पर चट्टानों ओर क्रेटरों के साथ साथ चंद्र मिट्टी की परावर्तकला को दोहराने के लिए एक विशेष कोटिंग की गई थी।



**4. हाल ही में किस मंत्रालय ने नया Incredible India Digital Platfrom लॉन्च किया है ?**

(A) पर्यटन मंत्रालय (B) विदेश मंत्रालय
(C) संस्कृति मंत्रालय (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** पर्यटन मंत्रालय ने Incrediable India Platfrom का नया संस्करण लॉन्च किया है, जिसका उद्देश्य भारत की सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक सौंदर्य ओर विविध स्थलों को विश्व पटल पर डिजिटल रूप से प्रस्तुत करना है। यह प्लेटफॉर्म यात्रियों ओर पर्यटन से जुड़े हितधारकों के लिए एक एकीकृत ओर इंटरएक्टिव संसाधन है।




**5. हाल ही में किसे राष्ट्रीय मीडिया और मनोरंजन परिषद का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है ?**

(A) आदित्य पांडा (B) प्रयाग सामल
(C) गोरव बनर्जी (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** हाल ही में सोनी पिक्सर्च नेटवर्क्स इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बनर्जी को 2025-2026 के लिए भारतीय उद्योग परिसंघ की राष्ट्रीय मीडिया एवं मनोरंजन परिषद का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बनर्जी जो बीएआरसी इंडिया के अध्यक्ष भी है ऐसे समय में इस पद पर आसीन हुए है जब भारत का मीडिया ओर मनोरंजन उद्योग 100 अरब डॉलर के विशाल क्षेत्र की ओर बढ़ रहा है।



**6. हाल ही में किसने बिहार के सीतामढ़ी में जानकी मंदिर के पुनर्विकास की आधारशिला रखी है ?**

(A) नरेंद्र मोदी (B) अमित शाह

(C) नितीश कुमार (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** हाल ही में श्री अमित शाह ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सीतामढी दिल्ली अमृत भारत ट्रेन का हरी हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ भी किया। माता जानकी का जहां जन्म हुआ उस पुनौराधाम मंदिर परिसर के समग्र विकास की 890 करोड़ रूपये की लागत से नीवं डाली गई है।



**7. हाल ही में कश्मीर घाटी में माल ढुलाई के लिए सक्षम होने वाला पहला रेलवे स्टेशन कौन बना है ?**

(A) अनंतनाग रेलवे स्टेशन (B) श्रीनगर रेलवे स्टेशन

(C) ऊधमपुर रेलवे स्टेशन (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** हाल ही में भारतीय रेल ने जम्मू कश्मीर डिवीजन के अंतर्गत अनंतनाग रेलवे स्टेशन को माल ढुलाई के लिए औपचारिक रूप से खोल दिया है, जिससे यह कश्मीर घाटी का पहला स्टेशन बन गया हैं। जो इस सुविधा से लैस है। यह स्टेशन हर दिन सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक काम करेगा और पेट्रोलियम, ऑयल और लुब्रिकेंट्स को छोड़कर सभी प्रकार के सामान शामिल है।



**8. हाल ही में किसने हेपेटाइटिस D वायरस को मनुष्यों के लिए कैंसरकारी घोषित किया है ?**

(A) FAO (B) WTO

(C) WHO (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने हेपेटाइटिस डी वायरस को कैंसरजनक वायरस घोषित किया है। यह वायरस हेपेटाइटिस बी से संक्रमित व्यक्तियों को ही प्रभावित करता हे, लेकिन इसके संक्रमण से लीवर कैंसर का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।




**9. हाल ही में आरबीआई ने किस बैंक को यूनिवर्सल लाइसेंस प्रदान किया है ?**

(A) फिनो पेमेंट बैंक (B) AU स्मॉल फाइनेंस बैंक

(C) इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** हाल ही में रिजर्व बैंक ने एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड को लघु वित बैंक से सार्वभौमिक बैंक में परिवर्तित होने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी हैं। यह 11 साल बाद पहली बार है जब किसी संस्था को नियामक द्वारा सार्वभौमिक बैंकिंग लाइसेंस प्रदान किया गया है। पिछल बार सार्वभौमिक बैंकिंग लाइसेंस 2014 में बंधन बैंक ओर आईडीएफसी बैंक को प्रदान किए गए थे।




**10. हाल ही में किसने जिला बाढ़ गंभीरता सूचकांक तैयार किया है ?**

(A) IIT गांधीनगर (B) IIT दिल्ली

(C) A व B दोनों (D) IIT मद्रास

**(C)** हाल ही में आईआईटी दिल्ली और आईआईटी गांधीनगर के शोधकर्ताओं ने जिला बाढ़ गंभीरता सूचकांक नामक एक नया सूचकांक विकसित किया है, जो किसी जिले में बाढ़ की घटनाओं से होने वाले प्रभाव का मूल्यांकन करता है। यह सूचकांक किसी क्षेत्र की बाढ़ संवेदनशीलता ओर क्षति को मापने का एक जिला आधारित, अवलोकन आधारित प्रयास है।

